# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(दूर्वा)(पाठ 15)(गीत – केदारनाथ अग्रवाल)

(कक्षा 7)

**प्रश्न 1:**

**कविता से**

**क:**

कवि फूलों, गीतों और विद्या की खेती क्यों करना चाहता है ?

**क:**

कवि फूलों  गीतों और विद्या की खेती इसलिए करना चाहता है जिससे कि वह पूरे हिन्दुस्तान में ज्ञान प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सके ।

**ख:**

इसी जन्म में, इस जीवन में,
हमको तुमको मान मिलेगा।
इसमें किसे मान मिलने की बात कही गई है?

**ख:**

इसमें हिन्दुस्तान को मान मिलने की बात कही गई है ।

**ग:**

कविता की कुछ पंक्तियाँ छाँटकर लिखो जिनसे पता लगता है कि कवि को इस बात पर पूरा भरोसा है कि एक दिन सबको मान मिलेगा।

**ग:**

इसी जन्म में,
इस जीवन में,
हमको तुमको मान मिलेगा।

**घ:**

कविता में कवि बार–बार मान मिलने की बात करता है। मान मिलने से हमारे–तुम्हारे जीवन में क्या बदलाव आएगा?

**घ:**

मान मिलने से हमारा जीवन सुखमय और गरिमामय हो जाएगा । और पूरी दुनिया में हमारा सम्मान बढ़ेगा ।

**प्रश्न 2:**

**समझाना**

नीचे कविता में से कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। बताओ, इन पंक्तियों का क्या अर्थ हो सकता है?

**क:**

दीप बुझे हैं जिन आँखों के
उन आँखों को ज्ञान मिलेगा।

**क:**

जहॉ अज्ञानता है वहॉ ज्ञान ही ज्ञान होगा ।

**खः**
क्लेश जहाँ है, फूल खिलेगा।
**खः**
देश में जहॉ–जहॉ लड़ाई –झगड़े हो रहे हैं वहॉ सुख और शांति के फूल खिल जाएंगे ।

**गः**
हमको तुमको प्रान मिलेगा।
**गः**
हम सबको एक नई जिंदगी नया सवेरा मिलेगा ।

**प्रश्न 4:** रिक्त स्थान पूरे करो
**नमूना**
वह मोर सा नाचता है।
**कः**
लक्की.............की तरह गरजता है।
**कः**
बादल

**खः**
सलमा.................की तरह दौड़ती है।
**खः**
हिरन

**गः**
मेघाश्री की आवाज ....................की तरह मीठी है।
**गः**
कोयल

**घः**
मनीष के कान ........................की तरह तेज है।
**घः**
मोर

**प्रश्न 5:**
इन शब्दों की रचना देखो ।
**अनुमान, अपमान**
ये शब्द 'मान' शब्द में 'अनु' और 'अप' उपसर्ग लगाकर बनाए गए हैं। इसी प्रकार तुम भी 'मान' शब्द में कुछ दूसरे उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ।

**उत्तर 5:**
कीर्तिमान
गतिमान
प्रतिमान